क्या बात है साई के करम की | By Rakesh Kala, Sarita Verma

मेरे साईं के करम की क्या बात है
मेरे बाबा के करम की क्या बात है
क्या बात है, क्या बात है
साईं रहम ए नज़र की क्या बात है

मैं भी जाउंगी साई की नगरिया
मेरे मन को भाये साई मोहन सावरिया
जाऊं ओढ़ के चुनरिया क्या बात है
देखो साई की डगरिया क्या बात है
क्या बात है, क्या बात है
साईं रहम ए नज़र की क्या बात है

श्रद्धा सबुरी को मन में जो धारे
पकड़ के बैयाँ साई पार उतारे
मेरी कश्ती को किनारा मिला क्या बात है
गम ए दिल को सहारा मिला क्या बात है
क्या बात है, क्या बात है
मेरे साई के करम की क्या बात है

जिसने भी पिया साईं नाम का प्याला
साई के रंग में रंगा मतवाला
कैसा खेल रचाया क्या बात है
रंग भक्ति का चढ़ाया क्या बात है
क्या बात है, क्या बात है
साईं रहम ए नज़र की क्या बात है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-rakesh-kala-sari/